# स्वतन्त्रता

## LIBERTY

स्वतंत्रता अंग्रेजी शब्द Liberty का हिन्दी रूपान्तरण है जिसका अर्थ है बंधनों का अभाव या मुक्ति। यह इच्छानुसार कार्य करने की छूट है। प्रत्येक व्यक्ति अपनी इच्छानुसार स्वतंत्रता के अलग-अलग अर्थ लेता है। अधिकांश मनुष्य स्वतंत्रता का अर्थ मनमानी करने से या बिना किसी दूसरे व्यक्ति के हस्तक्षेप के अपनी मर्जी के कार्य करने से लेते हैं। स्वतंत्रता का अर्थ स्वतंत्र विचारक प्राचीन परंपराओं एवं बंधनों से मुक्त होने से लेते हैं, आध्यात्मिक विचारक सांसारिक मोह माया से मुक्त होने से लेते हैं और परतंत्र देश के निवासी स्वतंत्रता को स्वराज्य समझते हैं। परन्तु इन सभी में से कोई भी अर्थ पूर्ण नहीं है।

स्वतंत्रता के दो विचारात्मक पक्ष हैं - एक बन्धनों का अभाव, दूसरा युक्तियुक्त बंधनों का होना।

## * स्वतंत्रता का नकारात्मक पक्ष :-

इसके अंतर्गत ऐसी स्थिति है जिसमें कोई बंधन नहीं होता है। व्यक्ति को मनमानी करने की छूट है। समझौतावादी विचारक हॉब्स के अनुसार, स्वतंत्रता का अभिप्राय निरोध व नियंत्रण का सर्वथा अभाव है। रूसो भी इसी अवधारणा से प्रेरित था। व्यक्तिवादी विचारक भी स्वतंत्रता के इसी स्वरूप का समर्थन करते हैं।